मंजूरी | पीपीपी मॉडल वाली परियोजना के लिए अगले सप्ताह ग्लोबल टेंडर

# नोएडा में देश की पहली पॉड टैक्सी शुरू होगी

ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। देश की पहली पॉड टैक्सी सेवा जेवर एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बीच चलाने की परियोजना को शासन ने मंजूरी दे दी है। पीपीपी मॉडल पर बनने वाली इस परियोजना के लिए अगले सप्ताह ग्लोबल टेंडर निकाले जाएंगे।

परियोजना पर 641.53 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान है। इस परियोजना को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। यमुना प्राधिकरण प्रस्तावित फिल्म सिटी और जेवर एयरपोर्ट के बीच पॉड टैक्सी चलाएगा। इसकी डीपीआर इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बनाई है। मंगलवार को लखनऊ में पॉड टैक्सी परियोजना को मंजूरी दी गई।



जेवर एयरपोर्ट और प्रस्तावित फिल्म सिटी के बीच चलने वाली पॉड टैक्सी के 14.6 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर में 12 स्टेशन बनाए जाएंगे। पॉड टैक्सी 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। संचालन शुरू होने पर इससे रोजाना करीब आठ हजार यात्री सफर करेंगे।

अधिकारियों के अनुसार एक पॉड में छह से 24 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी। इसके लिए 112 पॉड मंगाए जाएंगे। इसका किराया 10 रुपये प्रति किलोमीटर होगा। इस परियोजना को मार्च 2026 तक पूरा किया जाना है। बताया गया कि परियोजना को मंजूरी देने से पहले शासन ने जिन देशों में पॉड टैक्सी चल रही है, उसका अध्ययन करवाया। सलाहकार कंपनी इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कारपोरेशन लिमिटेड कंपनी ने लंदन, अबू धाबी और दक्षिण कोरिया में चल रही पॉड टैक्सी के संचालन के बारे में जानकारी ली। इन शहरों में राजस्व मॉडल को भी देखा गया है।